प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.08.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय चक्रीय जैव ऊर्जा योजना गोबरधन को दी मंजूरी : कम्प्रेसड बायोगैस उत्पादकों को खरीद और सही कीमत की मिलेगी गारंटी।**
2. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में घुमंतू समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल : कहा– विमुक्त जातियों को सम्मान देने के लिए प्रतिबद्ध है डबल इंजन सरकार।**
3. **सुप्रीम कोर्ट ने नीट परीक्षा को ऑनलाइन करने के केंद्र सरकार के हलफनामें पर याचिकाकर्ताओं से मांगा जवाब : 19 अगस्त को होगी मामले की अगली सुनवाई।**

**और**

4. **प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित : प्रतापगढ़ में मकान गिरने से 6 लोगों की मौत।**

———————

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में राष्ट्रीय चक्रीय जैव ऊर्जा योजना गोबरधन को मंजूरी दे दी है। इस योजना पर 23 हजार 731 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे । कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इससे डेढ लाख रोजगार सृजित होंगे। यह योजना 2026–27 से 2035–36 तक लागू**

की जाएगी। श्री वैष्णव ने बताया कि इस योजना के जरिए गैस उत्पादों को खरीद और सही मूल्य देने कीगारंटी देने की कोशिश की गई है। बाइट.....

*आज जो स्कीम अप्रूव हुई है, वह एक कंप्रिहेंसिव स्कीम है जिसमें सिक्स पिलर्स हैं। कंप्रेस्ड बायोगैस सीबीडी जो गैस बनती है, उस गैस के यूटिलाइजेशन के लिए अश्योर्ड ऑफटेक का पिलर रखा गया है। यानी जो भी मैन्युफैक्चर करेगा बायोगैस, उसको एक अश्योर्ड ऑफटेक यानी उसके प्रोडक्ट को खरीदने की गारंटी दी जाएगी। सेकंड है प्राइस की स्टेबिलिटी। प्राइस ग्लोबल ऑयल का प्राइस, गैस का प्राइस अप एंड डाउन होता रहता है। तो बायोगैस को वह सब वोलेटिलिटी प्राइस की ना देखनी पड़े, इसके लिए एक अश्योर्ड प्राइस का सिस्टम बनाया गया है।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज घुमंतू समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास का जो मंत्र देश को दिया था, उसी संकल्प का विस्तार आज समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। बिना भेदभाव के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने की इसी सोच की नई कड़ी घुमंतू विकास बोर्ड है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घुमंतू विकास बोर्ड केवल एक प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि वर्षों से उपेक्षित विमुक्त एवं घुमंतू समाज को न्याय, सम्मान और अवसर दिलाने का सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि विमुक्त जातियां भारत के स्वाधीनता संग्राम

की सेनानी हैं, उन्हें सम्मान देने के लिए ये डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध है। बाइट.....

*ये विमुक्त जातियां वे हैं जो भारत की स्वाधीनता संग्राम सेनानी हैं और स्वाधीनता संग्राम सेनानी होने के नाते जो सम्मान उनको प्राप्त होना चाहिए था, उस सम्मान को देने के लिए ये डबल इंजन की सरकार निकली है। घुमंतू जाति को दर–दर की ठोकर खाने के लिए नहीं बल्कि सम्मानजनक जीवन जीने का एक अधिकार ये डबल इंजन की भाजपा की सरकार प्रदान करेगी और यही प्रधानमंत्री मोदी जी का विजन है।*

——————————

सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं से केंद्र सरकार के उस हलफनामे पर जवाब दाखिल करने को कहा है जिसमें कहा गया है कि नीट स्नातक परीक्षा को पेपर आधारित परीक्षा से कंप्यूटर आधारित परीक्षा में बदलने पर सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है। न्यायामूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और आलोक आराधे की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 19 अगस्त निर्धारित की है। केंद्र सरकार ने न्यायालय को बताया कि वह नीट स्नातक परीक्षा को कंप्यूटर आधारित प्रारूप में आयोजित करने पर विचार कर रही है। पेपर लीक और प्रणालीगत खामियों को दूर करने के लिए व्यापकसुधार किया गया है।

——————————

सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत शर्तों में और ढील देने से इनकार कर दिया है। मुख्य

न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने मिश्रा की जमानत शर्तों में ढील देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। मिश्रा के वकील ने दलील दी कि मौजूदा प्रतिबंधों के कारण वह पारिवारिक कार्यक्रमों सहित अपनी बेटी के जन्मदिन समारोह सहित में शामिल होने में असमर्थ हैं। मुख्य न्यायाधीश ने यह कहते हुए आवेदन खारिज कर दिया कि इस स्तर पर जमानत की शर्तों में बदलाव या ढील देने का कोई आधार नहीं बनता है।

——————

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय का आज 45वां दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 85 मेधावी विद्यार्थियों को कुल 172 पदक प्रदान किए । समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज शिक्षा के क्षेत्र में बेटों और बेटियों को समान अवसर मिल रहे हैं। यह समाज के लिए सकारात्मक बदलाव का संकेत है और इससे प्रेरणा लेकर युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए।

——————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

बहुजन समाज पार्टी के विधायक उमाशंकर सिंह का कल रात लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे बलिया जिले की रसड़ा विधानसभा सीट से विधायक थे और उत्तर प्रदेश विधानसभा में बसपा के एकमात्र विधायक थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने आज उमाशंकर सिंह के लखनऊ स्थित आवास पर पहुंचकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की सोशल मीडिया पोस्ट में मायावती ने लिखा कि पार्टी के प्रति उमाशंकर सिंह की निष्ठा की जितनी भी तारीफ की जाये वह कम है।

——————————

हर घर तिरंगा के अंतर्गत प्रदेश के 5 करोड़ घरों में तिरंगा फहराया जाएगा। इसके साथ ही देशभक्ति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम भी होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी आयोजनों को जनभागीदारी के साथ मनाने का निर्देश दिया है। इस श्रृंखला में राजधानी लखनऊ समेत सभी 75 जनपदों में तिरंगा संगीत समारोह का भी आयोजन किया

जाएगा जिसमें राष्ट्रभक्ति के गीतों–नृत्यों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

——————————

राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई ज़िलों में बारिश का सिलसिला जारी है। भारी बारिश के कारण हुए हादसों में 9 लोगों की मौत हो गई। प्रतापगढ़ में नगर कोतवाली अंतर्गत महुली मंडी के पास एक जर्जर मकान की छत गिर गई, जिसके मलबे मे दबकर एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अभिषेक पांडे व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने घटनास्थल का मुआयना किया। जिलाधिकारी ने बताया कि पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता दी जा रही है। बाइट.....

*कुछ लोगों से मृत्यु हो गई, प्रमोद जी, उनकी पत्नी, उनका एक और बेटा और अमन करके एक मात्र जो सर्वाइवर है वो बचे हुए हैं। उनकी दुखद घटना है, प्रशासन और प्रशासन जो है वो पूरी तरह से परिवार के साथ खड़ा है। आपदा राहत कोष अंतर्गत जो मदद है वो अगले कुछ घंटों में परिवार के खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए गहरा शोक जताया है। वहीं बाराबंकी में भी बारिश के कारण दरियाबाद में घर की दोवार ढह गई जिसमें पांच बच्चे मलबे में दब गए। हादसे में सगे भाई–बहन की मौत हो गई, जबकि तोन बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं।

भारी बारिश के कारण इटावा और जौनपुर में आज स्कूल बंद रहे। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में इटावा में सबसे ज्यादा 126 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने कल प्रदेश के पूर्वी भाग में कई स्थानों पर भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। बारिश और बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश की कई नदियों के जलस्तर में वृद्धि देखी जा रही है। उन्नाव में गंगा और बाराबंकी में घाघरा आज खतरे के निशान को पार कर गई है। वहीं अमरोहा में भी पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बारिश के कारण गंगा नदी उफान पर है। पेश है एक रिपोर्ट......

*पहाड़ी इलाकों में लगातार हो रही बारिश के कारण अमरोहा में तिगरी गंगा का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे घाटों पर पानी भर गया है और पुरोहितों की झोपड़ियां डूब गई हैं। खादर इलाके के खेतों में भी पानी घुस गया है, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। आज तिगरी गंगा का जलस्तर 200.45 सेंटीमीटर दर्ज किया गया है, हरिद्वार बैराज से गंगा नदी में 133357 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जिसके कारण मैदानी इलाकों में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। मरगूब हुसैन आकाशवाणी समाचार अमरोहा।*

---

हमीरपुर में बीती देर रात नेशनल हाइवे पर रोडवेज बस और टैंकर की टक्कर हो जाने से तीन लोगों की मौके पर मौत हो गयी और 20 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं झांसी में आज हुई सड़क दुर्घटना में माफिया अतीक

अहमद के बेटे आबान अहमद की मौत हो गई। हादसे में एक अन्य युवक की भी मृत्यु हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

(समाप्त)